# श्रीडूंगरगढ़ के रीड़ी में किसान महासम्मेलन कल, 30 हजार किसान आयेंगे

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। रीड़ी गांव में विधानसभा क्षेत्र का बड़ा किसान महासम्मेलन 15 सितम्बर को गांव के खेल मैदान में होगा। किसान सम्मेलन में श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से करीब 25 से 30 हजार किसानों के भाग लेने की संभावना जताई जा रही है।

जिले की अन्य तहसीलों से भी किसानों को आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। तैयारियों को लेकर सरपंच प्रतिनिधि हेतराम जाखड़ ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में महासम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया।

किसानों के बैठने के लिए पंडाल, पेयजल व्यवस्था, धूप से बचाव के लिए टैंट व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को जिम्मेदारियां युवा वर्ग के लोगों को कमेटियां बनाकर दी गई है। गांव के बुजुर्ग लोगों को स्वागत व सत्कार की जिमेदारियां सौंपी गई है। किसान महासम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में है। गांव के कार्यकर्ताओं की टोलियां गांव सहित खेतों में बनी ढाणियों तक निमंत्रण देने पहुंच रही हैं। किसान महासम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, चूरू के सांसद राहुल कस्वां और पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल भाग लेंगे।



रीड़ी में किसान महा सम्मेलन को लेकर सरपंच प्रतिनिधि हेतराम जाखड़ ने कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया।

- कार्यकर्ताओं की टोलियां गांव सहित खेतों में बनी ढाणियों तक निमंत्रण देने पहुंच रही हैं
- किसान महासम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, चूरू के सांसद राहुल कस्वां और पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल भाग लेंगे

सरपंच प्रतिनिधि हेतराम जाखड़ ने बताया कि महासम्मेलन में अतिथियों द्वारा खेल मैदान का लोकार्पण भी किया जायेगा। सम्मेलन में किसानों को पूरी बिजली देने, जले हुए ट्रांसफार्मर तुरन्त बदलने, कृषि कुओं पर 6 घंटे निर्बाध बिजली सप्लाई देने, घरेलू बिजली 24 घंटे देने, फसल बीमा क्लेम समय पर देने, सम्पूर्ण फसल की खरीद एमएसपी पर करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। किसान महासम्मेलन को लेकर गांव व ढाणियों तक निमंत्रण पहुंचाया जा रहा है। युवा कार्यकर्ता गांवों की ढाणियों तक किसान सम्मेलन को लेकर पम्पलेट, बैनर पहुंचा रहे हैं।

गांवों में कार्यकर्ता अलग-अल टोलियों में घूम-घूम कर आयोजन में शामिल होने का न्यौता दे रहे हैं। जाखासर नया-पुराना, राणासर, केऊ, लिखमीसर दिखणादा, बापेऊ, सोनियासर गोदारान, कुनपालसर, सैरुणा, नारसीसर सहित विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में कार्यकर्ता पहुंच चुके हैं। गांवों में, मुख्य सड़कों पर, गाड़ियों पर आयोजन के पोस्टर भी चस्पा किए गए हैं।

**जिला स्तरीय समारोह 15 को :** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत जिला और पंचायत स्तरीय समारोह 15 सितंबर को आयोजित होगा। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर की अनुपालना में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत वर्ष 2024-25 हेतु आवंटित लक्ष्यानुसार पात्र परिवारों को स्वीकृति जारी कर प्रथम किश्त जारी कराने एवं गृह प्रवेश समारोह आयोजित करने के क्रम में जिला स्तरीय समारोह 15 सितंबर को बिहाणी ऑडिटोरियम में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित होगा।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 17 को

**बीकानेर,** (कासं)। द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम 17 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित होगा। उत्सव के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा लगभग 7 हजार 7 सौ नए सरकारी कार्मिकों को संबोधित करेंगे।

सभी जिले वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इससे जुड़ेंगे। द्वितीय रोजगार उत्सव के लिए नोडल विभाग चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को बनाया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि समारोह में जिले के 248 नवनियुक्त कार्मिकों की भागीदारी रहेगी। इसके लिए 6 विभागों के नवनियुक्त कार्मिकों को आमंत्रित किया गया है। इनमें 99 अभ्यर्थी शिक्षा, 4 वन विभाग, 61 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, 5 विधि विभाग, 2 आयोजन तथा एक कार्मिक स्वायत्त शासन विभाग से होगा। सभी अभ्यर्थियों को प्रातः 9:30 बजे आना होगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से इनका पंजीकरण किया जायेगा। पंजीकरण के बाद इन्हें वेलकम किट दी जायेगी। इसमें मुख्यमंत्री का संदेश, लोकसेवक के कर्तव्य, दायित्व एवं अपेक्षाएं पुस्तिका आदि होंगी। उन्होंने बताया कि आमंत्रित युवाओं में से 10 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री समारोह के देंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवाओं से संवाद भी करेंगे।

## सार-समाचार

### परिवार से बिछड़े बुजुर्ग को मिलाया



वीडियो फेसबुक पर डाली तो बुजुर्ग व्यक्ति को लेने उनका बेटा, बेटी और बहू ऋषिकेश से पहुंचे।

**अनूपगढ़,** (कासं)। रामसिंहपुर क्षेत्र की समाजसेवी संस्था 'अकाल की फौज अनाथ आश्रम' ने अपने परिवार से बिछड़े एक बुजुर्ग व्यक्ति को उसके परिवार से मिलाया है। यह व्यक्ति ऋषिकेश का रहने वाला था। संस्था के बाबा कमल सिंह ने बताया कि यह बुजुर्ग व्यक्ति कुछ दिनों पहले संस्था के सेवादारों को रामसिंहपुर क्षेत्र में लावारिस हालत में मिला था। इसके बाद इस व्यक्ति की जानकारी और वीडियो फेसबुक पर डाली गई, जिससे उसका परिवार उससे संपर्क कर सका। आज उस बुजुर्ग व्यक्ति को लेने उनका बेटा, बेटी और बहू ऋषिकेश से पहुंचे। अपने परिवार से मिलने पर बुजुर्ग व्यक्ति अत्यंत प्रसन्न हुआ। वहीं उसका परिवार भी अपने पिता को वापस पाकर खुशी से भावविभोर हो गया और सभी की आंखें खुशी से नम हो गई। इस अवसर पर संस्था के मुख्य सेवादार कमलदीप सिंह खालसा भी उपस्थित थे। परिवार ने संस्था का आभार प्रकट किया। इस दौरान खालसा ने परिवार के सदस्यों से आग्रह किया कि भविष्य में बुजुर्गों को कहीं अकेला न भेजें।

### मिट्टी से बनाई बाबा रामदेव की प्रतिमा




नंद आर्ट्स ग्रुप के तत्वावधान में बाबा रामदेव की घोड़े पर सवार प्रतिमा मिट्टी में उकेरी।

**बीकानेर,** (कासं)। धार्मिक आस्थाओं का केन्द्र बीकानेर में आज से तीन दिवसीय बाबा रामदेव का मेला सुजानदेसर में आरंभ हुआ। इसके अन्तर्गत सुजानदेसर रोड़ (लेघाबाड़ी)में पर नंद आर्ट्स ग्रुप के तत्वावधान में सैंड आर्ट (मिट्टी की कलाकृति)के माध्यम से बाबा रामदेव जी घोड़े पर सवार प्रतिमा मिट्टी में उकेरी गई। आज दशमी का विशेष मेला होने से आमजन से लेकर सभी बाबा के भक्तों का आकर्षण का केन्द्र रहा। यह सैंड आर्ट प्रतिमा चलते भक्तों की सेल्फी पाइंट का मुख्य आकर्षण और उत्सुकता का विषय रहा। मूर्ति कलाकार नंदकिशोर सोलंकी व नंदकिशोर गहलोत, पार्षद मुकेश पंवार, ईश्वर सोलंकी, अशोक सोलंकी, गणेश सोलंकी, मंगलचंद,श्याम सुंदर भाई आदि टीम के सदस्य मौजूद थे।

### महिला प्र. कार्यकारिणी का विस्तार

**बीकानेर,** (कासं)। विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ)सीमा मिश्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष धनसुख सारस्वत की अनुषंसा के पश्चात राष्ट्रीय सचिव एवं जोन प्रभारी भंवर पुरोहित के अनुमोदन उपरांत महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारणी का विस्तार किया गया और नव नियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व दिया गया। प्रदेश संगठन महामंत्री दीपक हर्ष बताया कि कार्यकारणी का विस्तार करते हुवे समाज के विभिन्न क्षेत्रों से अग्रिणी महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है। नवनियुक्त कार्यकारणी में पूर्व में विप्र फाउंडेशन के साथ कार्य रही श्रीमती आशा पारीक और मीना आचार्य संरक्षक नियुक्त किया गया है। कार्यकारणी विस्तार में चुरू जिले से श्रीमती विजयलक्ष्मी पारीक को संगठन महामंत्री बनाया है इसके साथ साथ श्रीमती सरला राजपुरोहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती हिमांगी शर्मा, श्रीमती योगीता शर्मा, महामंत्री, श्रीमती दीपमाला मिश्रा संगठन मंत्री, श्रीमती शकुन्तला जोशी, श्रीमती अनुराधा आचार्य, श्रीमती दीपिका पारीक, श्रीमती मनीषा साढीलय, श्रीमती दीपिका दाधीच, उपाध्यक्ष, श्रीमती महिमा शर्मा, श्रीमती प्रतिमा द्विवेदी, श्रीमती अनिता शर्मा, श्रीमती अर्चना पारीक, एडवोकेट श्रीमती मंजु शर्मा सचिव, श्रीमती लक्ष्मी कश्यप कोषाध्यक्ष, श्रीमती नीतू आचार्य जोन मीडिया प्रभारी टीना आचार्य सह-मीडिया प्रभारी श्रीमती प्रभा पारीक, श्रीमती सुमन शर्मा, श्रीमती संतोष देवी शर्मा, श्रीमती ममता मेहता, श्रीमती सुनीता दीक्षित, श्रीमती पुष्पलता शर्मा, श्रीमती रानी पारीक, श्रीमती माला देवी शर्मा को कार्यकारणी सदस्य एवं श्रीमती आरती पुरोहित, विप्रम संयोजक, श्रीमती अन्नपूर्णा जोशी, विप्रम सह-संयोजक पदो पर नियुक्ति दी गई हैं। समस्त पदाधिकारियों को वर्ष 2024-26 हेतु नियुक्ति दी गई है कार्यक्रम में नव नियुक्ति पदाधिकारियों को राष्ट्रीय सचिव भंवर पुरोहित प्रदेश अध्यक्ष धनसुख सारस्वत प्रदेश संगठन महामंत्री दीपक हर्ष, बीकानेर जिला अध्यक्ष किशन जोशी, संगठन महामंत्री अमित व्यास, युवा प्रकोष्ठ से अध्यक्ष सुनील मिश्रा और संगठन महामंत्री दिनेश ओझा एवं संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने नियुक्त कार्यकारणी को बधाई दी।

# पेयजल किल्लत से परेशान लोगों ने एईएन का किया घेराव

- गंगानगर के चक 3 ई छोटी में तीन दिन से पेयजल किल्लत से परेशान हैं लोग
- ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पेयजल सप्लाई को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सही जानकारी नहीं देते और न ही फोन उठाते हैं

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। तीन दिन से पेयजल की किल्लत से आक्रोशित ग्राम पंचायत तीन ई छोटी के लोगों ने मौके पर पहुंचे सहायक अभियंता का घेराव किया। लोगों ने शिकायतों के बावजूद तीन दिन से पेयजल सप्लाई की व्यवस्था नहीं कराने के लिए नाराजगी जताई। इससे पहले गुरूवार को ग्रामीणों ने विधायक जयदीप बिहाणी को फोन पर अपनी पीड़ा बताई थी।

खाटू श्याम मोहल्ले की गली नं. 5 में टी प्वाइंट पर शंकर की चक्की के पास एकत्रित लोगों ने विधायक को बताया कि तीन दिन से जलदाय विभाग के अधिकारी के सोशल मीडिया ग्रुप में पानी सप्लाई का मैसेज आ रहा है। लेकिन हकीकत में पेयजल सप्लाई नहीं हो रही। अधिक समस्या ग्राम पंचायत तीन ई छोटी गली नंबर 4, 5 व 8 और खाटू श्याम मोहल्ले सहित अन्य गलियों में बताई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पेयजल सप्लाई को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सही जानकारी नहीं देते। न ही फोन उठाते हैं। ग्राम पंचायत तीन ई छोटी एसएसबी रोड गली नं एक से गली नं. सात तक में इंद्रा वाटिका स्थित पंप हाउस से सप्लाई दी जाती है।

खाटू श्याम मोहल्ला 3 ई की गली नं. 8 व दस, शिवाजी नगर में नाथांवाली पंप हाउस से सप्लाई होती है आधी रात बाद एक से दो बजे सप्लाई दी जाती है। विधायक के निर्देश पर जलदाय विभाग के एक्सईएन एमएल अरोड़ा ने सहायक अभियंता साहिल जैन को टीम के साथ मौके पर भेजा था। एईएन के मौके पर पहुंचते ही ग्रामीणों ने उनका घेराव कर लिया।

लोगों ने तीन दिन से सुनवाई नहीं करने को लेकर जवाब मांगा। महिलाओं चेतावनी दी कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता, एईएन सहित अन्य को जाने नहीं देंगे। इस पर एईएन ने समझाइश करते हुए लोगों को बताया कि 3 ई छोटी एरिया में नई व पुरानी लाइनों से पानी की सप्लाई दी जा रही है। जिसके मिक्स होने से अंतिम छोर के क्षेत्र में समस्या आ रही है।

उन्होंने पुरानी लाइन बंद करवाकर सभी गलियों में नई लाइन से ही पेयजल सप्लाई की व्यवस्था का भरोसा दिया। मौके पर मोहल्ला सुधार समिति अध्यक्ष गुरजंट सिंह, मुरलीधर बिश्नोई, बलवीर सुथार, मोहन सिंह, भीमसेन, विमल, विजय कुमार, धनपत शर्मा, हीरा सिंह, विपिन फुटेला, दिवानचंद शर्मा, हरजिंद्र सिंह, सुभाष सोनी, शंकर शर्मा सहित ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित थीं।

## अधूरे फ्लाई ओवर का निर्माण जल्द होगा शुरू

**सूरतगढ़,** (कासं)। नई धानमंडी के गेट नंबर 2 के पास अधूरे पड़े फ्लाई ओवर का निर्माण अगले सप्ताह से शुरु हो जाने की उम्मीद जगी है। इसके लिए एनएचएआई ने ठेका कंपनी को 5 करोड़ 81 लाख रूपए का वर्क आर्डर जारी कर दिया है।

फ्लाईओवर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसे वाहन चालकों के लिए शुरु कर दिया जाएगा। ऐसे में इंदिरा सर्कल पर भारी वाहनों की आवाजाही भी बंद हो जायेगी। इससे दुकानदारों के साथ विभिन्न वार्डों के हजारों लोगों को फायदा मिलेगा। जानकारी के अनुसार फ्लाई ओवर का करीब 391 मीटर के हिस्से की लंबे समय से टेंडर प्रक्रिया नहीं हुई थी। ऐसे में ओवरब्रिज का निर्माण कार्य अधूरा था।

इससे 6 वार्डों के हजारों लोगों के साथ हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए फ्लाई ओवर का निर्माण परेशानी कर सबब बना हुआ था। एसई पंकज यादव ने बताया कि ओवरब्रिज के 391 मीटर अधूरे हिस्से का लम्बे समय तक टेंडर नहीं हुआ था। अब टेंडर पूरा कर कंपनी को वर्क आर्डर जारी कर दिया है।

## मुमुक्षु मानवी का मंगल भावना समारोह

- साध्वी शशिरेखा ने कहा कि परमात्मा का आत्मा के साथ जुड़ाव होने पर इंसान वीतरागी बन जाता है

**नोखा,**(कासं)। जोरावरपुरा तेरापंथ भवन में गुरूवार को मुमुक्षु मानवी आंचलिया का मंगल भावना समारोह का आयोजन किया गया।

मंगल भावना समारोह कार्यक्रम में मंगल उद्‌बोधन में आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या शासन साध्वी शशिरेखा ने कहा कि जब इंसान मोह माया वाले इस संसार को छोड़कर अपनी आत्मा के कल्याण की भक्ति में रम जाता है वो व्यक्ति वीतराग पथ की ओर निकल पड़ता है।

साध्वी कांतप्रभा, साध्वी मृदुल यशा, साध्वी शीतल यशा, साध्वी रोहित प्रभा आदि सभी साध्वी वरींद ने मुमुक्षु बहिन के प्रति गीतिका के संगान कर उनके प्रति मंगल कामना की ओर कहा की आप संयम के मार्ग को चुनकर के अपनी आत्मा का कल्याण और मोक्षगामी साधिका बनकर धर्म संघ का नाम गौरवान्वित करते संघ की खूब प्रभावना करें।

मुमुक्षु बहिन मानवी ने अपने जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि मेरे जीवन में धार्मिक क्रिया शुरू से ही थी फिर मेरे दादीसा महाराज शासन गौरव साध्वी राजीमति की भरपूर प्रेरणा रही मेरे जीवन में और आज में संयम पंथ की ओर अग्रसर हूं। आज के इस राक्षस युग में अहंकार मतलब मैं तो मैं इस कलयुग में अहम से अहम के पथ पर चलने जा रही हूं। मुझे उस पल का इंतजार है जिस पल में मुमुक्षु से साध्वी बन जाऊंगी।

तेयुप के सुरेन्द्र कुमार बुच्चा ने भी मुमुक्षु के प्रति मंगल कामना करते हुए कहा कि ऐसे वीर माता-पिता धन्य हैं। जिन्होंने अपने जिगर के टुकड़े को धर्म संघ को समर्पित कर रहे है। मंगल भावना के क्रम में महिला मंडल ने भी गीतिका को प्रस्तुति दी। सभा अध्यक्ष बाबूलाल बुच्चा ने कहा अपने वीतरागी जीवन में खूब साधना करो।

# नाबालिग को परिजनों तक पहुंचाया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। श्रीगंगानगर से बस में बैठकर आई नाबालिग को कंडक्टर की समझदारी और पुलिस की तत्परता से कुछ ही समय में अपने परिजनों तक सकुशल पहुंचाया गया। नाबालिग को पुलिस ने बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर उसे उसके परिजनों को सुरक्षित सौंप दिया।

जंक्शन पुलिस थाना प्रभारी सतपाल बिश्नोई ने बताया कि हनुमानगढ़ से चिड़ावा जाने वाली बस के कंडक्टर मूलचन्द ने सुबह करीब पौने 10 बजे फोन कर थाने में सूचना दी कि वह श्रीगंगानगर बस स्टैंड से चिड़ावा के लिए बस लेकर रवाना हुआ था। बस में श्रीगंगानगर बस स्टैंड से एक छोटी बच्ची रवाना हुई है। बस हनुमानगढ़ जंक्शन पहुंचने वाली है।

थाना प्रभारी बिश्नोई के अनुसार सूचना पर थाना से एएसआई जयसिंह, कांस्टेबल सिद्धार्थ, अजायब सिंह और रेखा को बस स्टैंड रवाना किया गया। बस से नाबालिग को उतारकर उससे परिजनों के बारे में पूछताछ की। इसके बाद बच्ची के परिजनों को श्रीगंगानगर से बुलाया। नाबालिग के हित को देखते हुए केयर एण्ड प्रोटेक्शन के मद्देनजर परिजनों की उपस्थिति में बच्ची को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर उसे उसके परिजनों को सौंप दिया।

## साइक्लिंग प्रतियोगिता

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय फोर्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में 68वीं जिला स्तरीय साइक्लिंग प्रतियोगिता एयरपोर्ट सर्किल जैसलमेर रोड पर आयोजित की गई। प्रतियोगिता के संयोजक राष्ट्रीय स्तर के साइक्लिस्ट युगल राव ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 150 उच्च कोटि के साइक्लिस्टों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के अंडर 19 छात्र वर्ग में दिनेश गाट ने गोल्ड, जयकिशन सारण ने रजत पदक जीता। वही छात्रा वर्ग में लक्ष्मी बिश्नोई ने गोल्ड व रवीना जाखड़ ने रजत पदक जीता। अंडर 17 टाइम ट्रायल वर्ग के बालकों में लोकेश ने गोल्ड और महादेव ने रजत पदक जीता।

# देशी घी की फैक्ट्री पर कार्रवाई, चार सौ लीटर देशी घी सीज

- संदिग्ध मानते हुए हैल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने घी सीज कर सैम्पल लिया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने शुक्रवार को रीको स्थित एक देशी घी की फैक्ट्री पर कार्रवाई करते हुए चार सौ लीटर देशी घी सीज किया है। हेल्थ डिपोर्टमेंट को इस देशी घी के निर्धारित मानकों पर तैयार नहीं किए होने की आशंका है। ऐसे में संदिग्ध मानते हुए इसे सीज कर सैंपल लिए गए हैं।

शुक्रवार दोपहर हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ज्वाइंट डायरेक्टर फूड सेफ्टी डॉ.एस.एन. धौलपुरिया और सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला की देखरेख में रीको स्थित फैक्ट्री महादेव इंडस्ट्रीज पर पहुंची। यहां मौके पर फैक्ट्री मालिक अमित गुप्ता मौजूद था। टीम ने फैक्ट्री में रखा घी जांचने की कार्रवाई शुरू की। फैक्ट्री में करीब पांच छह माह से उत्पादन हो रहा था।

करीब दो तीन माह पहले भी इस फैक्ट्री से सैंपल लिया गया था। शुक्रवार दोपहर टीम ने घी सीज करते हुए सैंपल लिए हैं। इनकी जांच की जायेगी। सीएमएचओ डॉ. सिंगला ने बताया कि उन्हें इस इंडस्ट्री में निर्धारित स्टैंडर्ड से कम का घी तैयार होने की जानकारी मिली थी। इस पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। उन्होंने बताया कि फूड सेफ्टी से जुड़ी कार्रवाई इन दिनों लगातार की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गुरूवार रात भी विभाग की टीम ने रीको में प्रिंटिंग प्रेस के लिए किराए पर दी एक फैक्ट्री के कैम्पस में नकली देशी घी बनते हुए पकड़ा था। इस दौरान टीम ने 4910 लीटर घी और वनस्पति तेल सीज किया था।

# प्रकृति बचाओ आंदोलन को शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने दिया समर्थन

**बीकानेर,** (कासं)। प्रकृति बचाओ आंदोलन को समर्थन देने के लिए शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत सहित कई कार्यकर्ता धरने पर पहुंचे। धरने को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि पृथ्वी का तापमान 1.50 सेंटीग्रेड बढ़ गया।

हमारा विकास मॉडल और जीवन शैली खासकर अमीर लोगों की जीवन शैली ताप बढ़ाने वाली गैसों की मात्रा वातावरण में बढ़ रही है। ताप और बढ़ जायेगा तो हमारा जिंदा रहना मुश्किल हो जायेगा। जिंदा रहने के प्राकृतिक पर्यावरण को बर्बाद करने के साथ-साथ हम अपना सामाजिक वातावरण भी खराब करते जा रहे है। जहां इंसानियत ही खत्म कर दी है।

खेजडला आंदोलन के समर्थन में जल्द ही व्यापारियों और शहर के बुद्धिजीवी वर्ग के साथ मीटिंग करके बड़ा फैसला लिया जायेगा और जरूरत पड़ेगी तो सड़कों पर उतरेंगे। प्रदेश कांग्रेस सचिव साजिद सुलेमानी ने कहा की खेजड़ी का महत्व इस्लाम में भी बताया गया है। जिस पर लाखों की संख्या में जीव जगत और जिनातों का वास होता है। अगर उनका घर उजाड़ा जायेगा तो निश्चित ही वो बर्बाद करेंगे। डीसीसी महासचिव मनोज किराडू ने कहा कि बहुत ही सुन्दर धरती पर ऐसी विनाश लीला पहले कभी नहीं देखी। हमारे बुजुर्गों ने पेड़ों की रखवाली की और हम कटवा रहे है। पर्यावरण प्रेमी मिलन गहलोत ने कहा कि जल्द ही अगर हमने प्रकृति को बचाने के कोई ठोस उपाय नहीं किए तो विनाश निश्चित है। पेड़ कटाई वालों को बुरे दिन देखने पड़ेंगे। संघर्ष समिति के रामगोपाल बिश्नोई, गणेशदास महाराज मुरली खटोड़, रामप्रताप वर्मा, प्रहलाद चौधरी, भागीरथ चौधरी, कानाराम गोदारा, मदन सिंह भाटी आदि मौजूद थे।




बीकानेर शहर कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत कार्यकर्ताओं के साथ खेजडला की रोही में धरने पर पहुंचे।

- यशपाल ने कहा खेजडला आंदोलन के समर्थन में व्यापारियों और शहर के बुद्धिजीवी वर्ग के साथ मीटिंग करके बड़ा फैसला लिया जायेगा और जरूरत पड़ेगी तो सड़कों पर उतरेंगे

# कुदसू स्कूल की छात्राओं ने जीती वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**नोखा,** (कासं)। 65 वीं जिला स्तरीय उच्च प्राथमिक स्कूल वॉलीबॉल प्रतियोगिता 2024 -25 का आयोजन जागृति उच्च माध्यमिक स्कूल लिखमीदेसर उतरादा में हुआ। जिसमें नोखा के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल कुदसू की टीम लगातार चौथी बार जिला स्तर पर विजेता रही।

विजेता टीम के स्कूल आने पर स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों की ओर से उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुनीता सोढा, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई, भामाशाह एवं गौशाला अध्यक्ष हजारी राम भादू, अभिषेक यादव, रामनिवास बिश्नोई, गंगाविशन, रामधन भादू, ग्राम विकास अधिकारी सुगनाराम, बाबूलाल भादू, श्यामसुंदर गोदारा, संतोष सुथार, बनवारीलाल मौजूद थे। पांच छात्राएं माया बिश्नोई, कंचन बिश्नोई, कृष्णा, द्रोपदी और शिवानी बिश्नोई का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।

छात्राओं की इसी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शाला परिवार एवं ग्रामीणजनों द्वारा छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की व अभिनंदन किया। वहीं जिला क्रिकेट संघ बीकानेर के तत्वावधान मे अंडर 23 क्रिकेट खिलाडियों व सीनियर्स वर्ग महिलओं की क्रिकेट ट्रायल रविवार को प्रातः आठ बजे सादुल कल्ब क्रिकेट मैदान में होगी। जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह ने बताया कि अंडर 23 के खिलाडी आधारकार्ड व फोटो सहित मैदान मे पहुंचें।



कुदसू स्कूल की छात्राओं ने जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता जीती।